कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड, रांची।
वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002. Phone- 0651-2481909 (O) / 2480413 (F) email – pccfjharkhand@yahoo.co.in

पत्रांक– 13E-19(A)15/09 – 2140 रांची, दिनांक– 25.6.15

प्रेषक,

बी०सी० निगम,
प्रधान मुख्य वन संरक्षक ।

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी–सह–मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखंड।
प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं कार्यकारी निदेशक, बं०भू०वि०बोर्ड, झारखंड,रांची।
सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, झारखंड ।

*आवश्यक*

विषय : वर्ष 2015 में वनरोपण करने के संबंध में।

महाशय,

झारखंड राज्य में मानसून की वर्षा लगभग आरंभ हो चुकी है । वर्ष 2015 में विभाग को बड़े पैमाने पर (लगभग 3.5 करोड़) वनरोपण विभिन्न योजनाओं (योजना मद, कैंपा, मनरेगा, जलच्छाजन) परियोजनाओं के अंतर्गत करना है ।

वृक्षारोपण के लिए विभाग द्वारा निर्धारित वनरोपण पद्धति के अनुरूप माह नवंबर–दिसंबर से ही पौथशाला स्थापित करने एवं पौधों की देख–रेख के कार्य अच्छे प्रकार से किए गए होंगे । फलस्वरूप उम्मीद है विभागीय पौथशालाओं में अच्छी गुणवत्ता के पौधे वृक्षारोपण के लिए तैयार होंगे ।

इस कार्यालय के परिपत्र ज्ञापांक–1505, दि0– 01.05.2015 से पूर्व में ही आप सभी को यह निदेश दिया जा चुका है कि सड़क किनारे वृक्षारोपण करने में किसी भी हालत में चार फीट से कम लंबाई के पौधे नहीं लगाए जाएं । चार फीट या संभव हो तो उससे अधिक लंबाई के स्वस्थ पौधे ही सडक किनारे वृक्षारोपण में लगाए जाएं । जहां तक संभव हो, सडक किनारे वृक्षारोपण multiple rows में किए जाए । सभी प्रकार के वृक्षारोपण में अच्छी गुणवत्ता के लंबे पौधे ही लगाए जाएं और उनकी देख–रेख निर्धारित वनरोपण पद्धति के अनुसार ससमय अच्छी प्रकार से की जाए ।

यह भी आवश्यक है कि वृक्षारोपण, वर्षा को देख कर, जल्द–से–जल्द किया जाए, जिससे कि वृक्षारोपण के उपरांत पौधों को पर्याप्त मात्रा में मिट्टी में नमी प्राप्त हो सके एवं पौधे भूमि पर स्थापित होकर तीव्र गति से बढ़ सके ।

क्षेत्र में वृक्षारोपण के लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्ति की सूचना अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास को SMS/Whatsapp पर भेजी जाए । वे इन्हें संकलित कर (सभी योजनाओं के लिए) समेकित सूचना अधोहस्ताक्षरी को प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध कराएंगे।

मुझे उम्मीद है कि आप सभी के प्रयास से वर्ष 2015 में वृक्षारोपण अत्यधिक गुणवत्तापूर्वक एवं ससमय संपन्न होगा, जिससे कि राज्य को हरित बनाने की दिशा में पर्याप्त सहयोग प्राप्त हो सकेगा ।

विश्वासभाजन,

25/6/15

(बी०सी० निगम)

प्रधान मुख्य वन संरक्षक